प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 13.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- दहेज हत्या के 02 आरोपी गिरफ्तार, थाना भोजपुर।

अवगत कराना है कि दिनांक 12.11.2024 को वादी निवासी मौ0 लाल मस्जिद पीपलसाना थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी की वहन के ससुराल वालो द्वारा अतिरिक्त दान दहेज की मांग कर, वादी की बहन के साथ गाली गलौज, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने तथा गला दबाकर हत्या कर लाश को छुपाने के उद्देशय से गाडी न0 UP21BJ3597 मे रख कर कही ले जाने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-मु0अ0सं0-0512/2024 धारा- 85/80/115(2)/352/351(3)/238 भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम रिहाना आदि के विरुध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 13.11.2024 को उ0नि0 ब्रजपाल सिह थाना भोजपुर मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण सास रिहाना पत्नी मौ0 उमर उर्फ लल्ला चौधरी 2- ननद राबिया पुत्री मौ0 उमर उर्फ लल्ला चौधरी निवासी गण मौहल्ला मनिहारन थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- थाना भोजपुर पुलिस ने 02 वारंटीयो को किया गिरफ्तार ।-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा वांछित/ वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13.11.2024 को उ0नि0 कुलदीप कुमार थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस के वारण्टी अभियुक्त दिलशाद हुसैन पुत्र अब्दुल रसीद निवासी चतरपुर थाना भगतपुर मुरादाबाद सम्बन्धित मु0सं0-16952/24 अ0स0- 318/04 धारा 4/25 आर्मस एक्ट तथा उ0नि0 अजय दूबे थाना भोजपुर मय हमराही पुलिस के वारण्टी अभियुक्त सुरेश पुत्र चिंरजीलाल निवासी रूपपुर वहादुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा सं0-3078/21 अ0स0- 309/21 धारा 147/148/323/342/504/34 भाद0वि0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 02 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13.11.2024 को **थाना डिलारी** पुलिस द्वारा आरोपी 1.मनुज पुत्र हरपालसिंह यादव निवासी ग्राम कुंडेसरा पट्टी थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद तथा **थाना छजलैट** पुलिस द्वारा आरोपी 1.मुशाहिद पुत्र फकीरा निवासी ग्राम चौराहा रसूलपुर थाना छजलैट जिला मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।